# Tender for Lab consumables/reagents/chemicals for RNTCP - Prebid Meeting की कार्यवाही

निविदा में प्रकाशित सूचना के अनुसार निर्धारित तिथि दिनांक 01.09.2010 को 11 बजे पूर्वाह्न में निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना के प्रतिनिधि डॉ० सुरेन्द्र प्रसाद, उपनिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार की अध्यक्षता में पुर्नरीक्षित राष्ट्रीय यक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम (RNTCP) के अंतर्गत Lab consumables/reagents/chemicals के दर निर्धारण हेतु प्रकाशित निविदा में भाग लेने के लिए इच्छुक निविदादाताओं के साथ Prebid Meeting आयोजित की गयी, जिसमें कोर कमिटि के सदस्यों के अतिरिक्त विशेष आमंत्रित निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये।

1. डॉ० सुरेन्द्र प्रसाद, उपनिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार प्रतिनिधि निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना- **अध्यक्ष**
2. श्री रमेश कुमार, सहायक औषधि नियंत्रक, बिहार प्रतिनिधि राज्य औषधि नियंत्रक, बिहार, पटना- **सदस्य**
3. डॉ० विनोद मिश्रा, निदेशक, राज्य यक्ष्मा प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण संस्थान, पटना - **विशेष आमंत्रित सदस्य**
4. श्री नौशाद हैदर, प्रोक्योरमेन्ट स्पेशलिस्ट, यूनिसेफ, बिहार,पटना - **सदस्य**
5. डॉ निलेश देशपान्डे, राज्य कार्यक्रम समन्वयक, यू०एन०एफ०पी०ए०, बिहार, पटना - **सदस्य**
6. श्री हेमन्त कुमार सिन्हा, अनुज्ञापन प्राधिकारी, भागलपुर - **विशेष आमंत्रित सदस्य**
7. श्री राकेश नंदन सिंह, अनुज्ञापन प्राधिकारी, पटना शहरी क्षेत्र, पटना - **विशेष आमंत्रित सदस्य**
8. श्री विकाश शिरोमणी, औषधि निरीक्षक, पटना - **विशेष आमंत्रित सदस्य**
9. डॉ शमीम मन्नान, स्टेट मेडिकल कन्सलटेन्ट,WHO-RNTCP Technical Assistance Project- **विशेष आंमत्रित सदस्य**

कुल दो कंपनीयों यथा अभीमेडिको, पटना एवं वेरायटी व्यापार प्रा० लि० के प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया, जिसकी उपस्थिति ले ली गयी है। बैठक में उपस्थित इच्छुक निविदाताओं द्वारा निविदा संबंधी जिन बिन्दुओं को उठाया गया एवं उस बिन्दु पर लिये गये निर्णय निम्न प्रकार है :-

1. कंपनियों के प्रतिनिधियों ने पृच्छा किया कि सभी प्रकार के lab consumables/reagents/chemical के लिए Minimum Eligibility Criteria के कंडिका 'C' में निहित BIS (Bureau of Indian Standard) प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होता है। वैसी परिस्थिति में उनके द्वारा निविदा में कौन सा अभिलेख/कागजात समर्पित किया जायेगा।

   इस संबंध में स्पष्ट किया गया कि जिन lab consumables/reagents/chemical के लिए BIS (Bureau of Indian Standard) प्रमाण पत्र सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत किया जाता है उन lab consumables/reagents/chemical के लिए यह प्रमाण पत्र आवश्यक एवं प्रभावी माना जायेगा तथा जिन lab consumables/reagents/chemical के लिए इस प्रकार का प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होता है उसके लिए इस प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होगी।

2. कंपनियों के प्रतिनिधियों पृच्छा किया कि Minimum Eligibility Criteria के कंडिका 'j' में निहित Large scale manufacturing /production capacity of products quoted issued by concerned Industries Department/Factory Inspector or by any other competent authority of equivalent capacity प्रमाण पत्र भी lab consumables/reagents/chemical के लिए सभी फर्मो को निर्गत नहीं किया जाता है। क्या जिन फर्मो द्वारा यह प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित किया जायेगा उन्हें extra weightage दिया जायेगा?

   इस संबंध में स्पष्ट किया गया कि जिन फर्मो द्वारा यह प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित किया जायेगा उन्हें किसी प्रकार का extra weightage प्रदान नहीं किया जायेगा तथा जिन फर्मो के द्वारा निविदा के साथ यह प्रमाण पत्र समर्पित नहीं किया जायेगा उनकी निविदा को तकनीकी रूप से अस्वीकृत नहीं किया जायेगा।

03.09.10

3. कंपनियों के प्रतिनिधियों के द्वारा पूछा गया कि tender condition के कंडिका 'd' में उल्लेखित अनुसार purchase value का 5% से 10% के दर से हीं performance security की राशि ली जायेगी अथवा इसमें कमी की जायेगी।

इस संबंध में निर्णय लिया गया कि राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा purchase value का 10% के दर से हीं performance security की राशि ली जाती है, अतः निविदा में चयनित फर्मो से purchase value का 10% के दर से हीं performance security की राशि ली जायेगी।

4. कंपनियों के प्रतिनिधियों के द्वारा निम्नलिखित lab consumables/reagents/chemicals की विशिष्टताओं (specification) के संबंध में विस्तुत जानकारी की माँग की गई।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Basic Fuchsin | Chemical name :Pararosaniline hydrochloride, chemical structure: C20H20ClN3 mol<br>wt:337.86'Dye content: Approx.85%-88%(dye content must be mentioned), Colour: Metallic<br>Green. |
| 2 | Methylene blue | Chemical Name: Methylthionine chloride, Chemical Structure: C16H18ClN3S, molecular Wt:<br>319.9, Dye content: approx.82% (should be available on the container) |
| 3 | Alcohol (Absolute) | Ethanol |
| 4 | Broom sticks | 10 cms length |
| 5 | Toilet tissue/tissue rolls | |
| 6 | Spirit lamp | |
| 7 | Slide box | For 100 slides |
| 8 | Adhesive labels for sputum containers | |

इस संबंध में डॉ० विनोद मिश्रा, निदेशक, राज्य यक्ष्मा प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण संस्थान, पटना, श्री नौशाद हैदर, प्रोक्योरमेन्ट स्पेशलिस्ट, यूनिसेफ, बिहार,पटना एवं डॉ शमीम मन्नान, स्टेट मेडिकल कन्सलटेन्ट,WHO-RNTCP Technical Assistance Project ने अनुज्ञापन प्राधिकारी तथां औषधि निरीक्षक से विमर्शोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उपरोक्त आठ lab consumables/reagents/chemical के लिए निविदा में प्रकाशित विशिष्टताओं के अतिरिक्त निम्नलिखित विशिष्टता (specification) भी समाहित किया जाता है। कई lab consumables/reagents/chemicals के नमूनों का भी निविदादाताओं को दिखाया गया और उन्हें विस्तृत रूप से उसके उपयोगिता को बताते हुये उसकी विशिष्टता निर्धारित की गई।

V. Shiromani

03.09.10

03/09/2010

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Basic Fuchsin | Chemical name :Pararosaniline hydrochloride, chemical structure: C20H20ClN3 mol wt:337.86'Dye content: Approx.85%-88%(dye content must be mentioned), Colour: Metallic Green. **Powder Form- 25gms.** |
| 2 | Methylene blue | Chemical Name: Methylthionine chloride, Chemical Structure: C16H18ClN3S, molecular Wt: 319.9, Dye content: approx.82% (should be available on the container) **Powder Form- 25gms.** |
| 3 | Alcohol (Absolute) | Ethanol **500ml Bottle** |
| 4 | Broom sticks | 10 cms length **Bundle of 100 sticks. Bundle tied with plastic string** |
| 5 | Toilet tissue/tissue rolls | **Absorbent Toilet Tissue Roll- Width- 10.5 cm, Length- 20 Mitre** |
| 6 | Spirit lamp | Glass Make- 60ml capacity |
| 7 | Slide box | For 100 slides. **Plastic make- Each slide of size- 76mmx26mmx1.3mm slides** |
| 8 | Adhesive labels for sputum containers | **2.5 cm x 1.5 cm** |

5. कंपनियों के प्रतिनिधियों के द्वारा अनुरोध किया गया कि Product List के क्रमांक 15 में अंकित Filter Paper के लिए Whatman कंपनी के द्वारा प्राधिकार पत्र देने में कठिनाई होगी तथा इसे विलोपित करने का अनुरोध किया गया।

इस संबंध में डॉ० विनोद मिश्रा, निदेशक, राज्य यक्ष्मा प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण संस्थान, पटना एवं डॉ शमीम मन्नान, स्टेट मेडिकल कन्सलटेन्ट, WHO-RNTCP Technical Assistance Project ने स्पष्ट किया कि RNTCP कार्यक्रमान्तर्गत Filter Paper - Whatman का हीं उपयोग में लाया जा रहा है तथा इसकी गुणवत्त सर्वमान्य है। अतः इसमें किसी भी प्रकार का बदलाव अथवा विलोपन संभव नहीं है।

6. इच्छुक निविदादाताओं के प्रतिनिधियों द्वारा यह भी जिज्ञासा की गई कि आपूरित किये जाने वाले chemicals किस Grade के होगें।

इस संबंध में यह स्पष्ट किया गया कि सभी chemicals AR Grade अथवा Lab Grade या Pharmacopocial Grade के होने चाहिए।

**बैठक में उठाये गये बिन्दुओं एवं उस पर SHSB द्वारा लिये गये निर्णय को SHSB के Website पर देने का निर्णय लिया गया, जिसकी सूचना सभी निविदादाताओं को Pre-bid Meeting के दौरान दे दी गयी है।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| डॉ निलेश देशपान्डे<br>राज्य कार्यक्रम समन्वयक<br>यू०एन०एफ०पी०ए०<br>बिहार, पटना | ह०/-<br>नौशाद हैदर<br>प्रोक्योरमेन्ट स्पेशलिस्ट<br>यूनिसेफ, बिहार,पटना | ह०/-<br>डॉ० विनोद मिश्रा<br>निदेशक, राज्य यक्ष्मा प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण संस्थान, पटना | 01/9/2010<br>रमेश कुमार<br>सहायक औषधि नियंत्रक, बिहार<br>प्रतिनिधि राज्य औषधि नियंत्रक, बिहार, पटना | ह०/-<br>डॉ० सुरेन्द्र प्रसाद<br>उपनिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार<br>प्रतिनिधि निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना |
| | 03/09/2010<br>डॉ शमीम मन्नान<br>स्टेट मेडिकल कन्सलटेन्ट<br>**WHO-RNTCP Technical Assistance Project** | 3.9.10<br>विकाश शिरोमणी<br>औषधि निरीक्षक<br>पटना | 03.09.10<br>राकेश नंदन सिंह<br>अनुज्ञापन प्राधिकारी<br>पटना शहरी क्षेत्र, पटना | 3/9/2010<br>हेमन्त कुमार सिन्हा<br>अनुज्ञापन प्राधिकारी<br>भागलपुर |